## खबर संक्षेप



### 125 किलो बूंदी का लगाया भोग, हुई महाआरती

**सिलौंडी।** सिलौंडी में सोमवार को विविध धार्मिक आयोजन हुए। सुबह 9 बजे पंचमुखी मंदिर से भव्य कलश शुरु हुई। जो कि श्री कृष्ण मंदिर ,श्री राम बाग ,बड़ी मढ़यिा झंडा चौक ,बड़े महावीर ,छोटे महावीर ,कछियाना मोहल्ले ,बस स्टैंड ,शिव चौक श्री राम मंदिर होकर गल्ला बाजार पहुँची। जहाँ पर प्रसाद वितरण हुआ। इनके बाद श्री राम मंदिर में भी राम लल्ला का पूजन महाआरती भजन के बाद भंडारा हुआ। श्री राम बाग में रामायण पाठ का आयोजन हुआ। शिव चौक में शाम को राम का कीर्तन हुआ। सिलौंडी मुख्य बाजार में नव निर्माण मंदिर का भूमिपूजन भी किया गया। मुख्य बाजार के हनुमान जी के पूजन अर्चन प्रसाद वितरण हुआ। रात में श्री बाला जी मंदिर में दीपदान और महाआरती के प्रसाद वितरण हुआ। श्री बाला जी मंदिर भगवान को 125 किलो बुदी का महाभोग लगाया गया। सभी मंदिरों में दीपदान और महाआरती हुई। गांव के सभी लोंगो ने भी अपने अपने घरों में दीपक जलाया।

### कटनी प्रदेश के टॉप टेन जिले में शामिल

**कटनी।** सी.एम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के मामले में कटनी जिला अपने समूह में प्रदेश के अग्रणी टॉप टेन जिले में शामिल है। कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन और मार्गदर्शन में जिले ने शिकायतों के निराकरण मे 72.86 वेटेज स्कोर अर्जित कर प्रदेश में दसवां स्थान अर्जित किया है। लोक सेवा के जिला प्रबंधक दिनेश कुमार विश्वकर्मा बताते है कि माह दिसंबर 2023 में जिले मे प्राप्त 5936 शिकायतों में से 42.69 वेटेज के साथ सी0एम0 हेल्पलाइन की शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया। जिला पंचायत कटनी ने प्रथम समूह के 26 जिलों में शिकायतों के निराकरण के मामले में आठवां स्थान हासिल किया है। जिला पंचायत का कुल वेटेज स्कोर 85.54 है। और ग्रेडिंग ए है। जिला पंचायत द्वारा दिसंबर माह में प्राप्त 629 शिकायतों से 51.8 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया है। नगर निगम माह दिसंबर में प्राप्त 468 प्राप्त शिकायतों का 54.1 वेटेज स्कोर के साथ संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर आठवे स्थान पर रही।

### युवक से कट्टा व कारतूस बरामद, भेजा गया जेल

**कटनी।** कुठला पुलिस ने गत रात्रि एक युवक को कट्टा लेकर घूमते हुए गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि पहरुआ गल्ला मंडी के पीछे पन्नी कालोनी के पास एक व्यक्ति अबैध रूप से कट्टा लिये अपराध घटित करने के उद्देश्य से खडा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नीरज निषाद 20 वर्ष निवासी इन्द्रानगर को पकड़ा जिसके कब्जे से 315 बोर का देशी कट्टा एवं जिन्दा कारतूस मिला जिसके विरुद्ध थाना में धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। सोमवार को आरोपित को न्यायालय पेश किया गया जहाँ से न्यायालय के आदेश से जिला जेल में दाखिल किया गया है।

### धरे गये जुआरी

**कटनी।** कुठला पुलिस ने दो अलग अलग फड़ो में दबिश देकर जुआरियों को गिरफ्तार किया है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर जुआ खेल रहे मुल्ले उर्फ अमित, शनि वंसकार, रितुराज उर्फ बब्बल डुमार, छोटू उर्फ शिवचरण कोल, पुष्पेन्द्र विश्वकर्मा एवं दूसरे जुआ फड़ से . आकाश वर्मन, राजकुमार उर्फ लाला निषाद, रवि निषाद, सुग्रीव पाल, बिष्णू चक्रवर्ती सभी निवासी कटनी को पकड़ा है जिनके कब्जे से कुल 3110 रुपये एवं प्रत्येक फड़ से 52 तास के पत्ते प्राप्त होने पर जप्त कर धारा 13 जुआ एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई।

### अयोध्या में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जिले में हवन, पूजन, भंडारा, मानस पाठ व शोभायात्राएं निकली

# अंचल में दिखे अवध से नजारे, चहुंओर गूंजे जयकारे



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सदियों की प्रतीक्षा के बाद सोमवार का दिन हिंदू धर्म के लिए ऐतिहासिक रहा। अयोध्या में मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर समूचे देशी के साथ कटनी अंचल भी श्रीराम की भक्ति में डूबा रहा। जिले में अवध से नजारे दिखाई दिये। सुबह से ही मंदिरों से लेकर घरों में पूजन अर्चन का सिलसिला शुरू हुआ। जगह जगह शोभायात्राएं व प्रभातफेरियां निकाली गई। श्रीराम के जयकारों से अंचल गुंजायमान होता रहा। जगह जगह भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिरों में मानस पाठ, हवन पूजन के साथ महाआरती का आयोजन किया गया। नागरिकों ने घरों के सामने रंगोलियां बनाई, बंदनवार लगाये तथा दीपक जलाये। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो दीपावली का पर्व मनाया जा रहा है।

#### हनुमान चालीसा एवं भजन संध्या

मेरी झोपड़ी के भाग्य खुल जाएंगे राम आएंगे जैसे सुमधुर गीतों के साथ सुभाष चौक राममयी हो गया। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में भगवान श्री रामलला सरकार की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की पूर्व संध्या पर भाजपा द्वारा सुभाष चौक में संगीतमय हनुमान चालीसा एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। प्राण प्रतिष्ठा के एक दिन पहले सुभाष चौक रोशनी से जगमग हुआ। श्री बजरंग बाल रामायण समाज के भजनों से आध्यात्मिक माहौल में भजन-कीर्तन में शहर का हृदय स्थल सुभाष चौक राममय हो गया। भाजपा के कार्यकर्ता सहित शहर के नागरिक भगवान राम की भक्ति में भाव विभोर नजर आए। बजरंग बाल रामायण समाज के रामभक्त गायकों ने पूरे माहौल को राम की भक्ति में रंग दिया।

#### निकली विशाल कलशयात्रा

अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जबरदस्त उत्साह है। उमरियापान के समीपस्थ रामकुंडी आश्रम से भरभरा आश्रम तक विशाल कलश शोभायात्रा यात्रा निकाली गई। बैंडबाजों और डीजे साउंड की धुन के साथ निकली विशाल शोभायात्रा में हजारों की संख्या में महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर यात्रा में हिस्सा लिया। शोभायात्रा डूंडी, भनपुरा कला, बार गांव के बाद बरेली से होते हुए भरभरा आश्रम पहुचीं। इस दौरान जगह जगह श्रृद्घालुओ ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता के साथ हनुमानजी की सजीव झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। भरभरा आश्रम पहुँचने पर आश्रम की ओर से कलश शोभायात्रा का स्वागत किया गया। आश्रम में संतश्री बनवारी दास जी महाराज ने श्रृद्धालुओं को आशीष वचनों से संबोधित किया। श्रद्धालुओं ने संत महाराज का पूजन कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम पश्चात प्रसाद वितरण हुआ।



#### बड़वारा में हुए विविध आयोजन

पांच सौ वर्ष के लंबे अंतराल के पश्चात अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर सम्पूर्ण बड़वारा नगर व क्षेत्र में हर्षोल्लाश व खुशी का माहौल व्याप्त रहा। इस पावन अवसर पर बड़वारा तथा क्षेत्र की समस्त मन्दिरों में आकर्षक साज सज्जा की गई है। 22 जनवरी को श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या में कौशिल्या नन्दन श्रीराम की भव्य मंदिर व प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत बड़वारा नगर वासियों में काफी उत्साह देखने को मिला। बैंड बाजों व डीजे की धुन पर विशाल शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें बड़वारा नगर की महिलाओं ने अपने सिर पर कलश सजाकर जय श्रीराम के उद्घोष के साथ यात्रा निकाली यात्रा समूचे बड़वारा नगर में भृमण की। भगवान राम,जानकी,लक्ष्मण जी की जीवंत झांकी में श्रद्धालु जन झूम झूम कर नृत्य किये।

#### उमरियापान में निकली सजीव झांकी



उमरियापान में सरस्वती विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण एवं पवनपुत्र हनुमान की सजीव झांकी व शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान अध्यक्ष डा डा.आरसी मिश्रा, व्यवस्थापक आरके दीक्षित, कालूराम चौरसिया, विजय दुबे, राजेश ब्यौहार, राजा चौरसिया, मगनलाल चौरसिया, विनोद साहू, चंद्रेश चौरसिया, प्राचार्य आरपी पटेल उपस्थित रहे। ग्रामपंचायत उमरियापान के संयोजन में बडीमाई मंदिर में हुए कार्यक्रम में सरपंच अटल ब्यौहार, उपसरपंच जागेश्वर सोनी, शैलेंद्र पौराणिक, सचिव सतीश गौतम, अतुल चौरसिया, रामकुमार गडारी मौजूद रहे।

बजरंग दल सदस्यों ने सुबह श्रीराम संकीर्तन यात्रा निकाली।हृदयस्थल झंडा चौक में 101 दीप प्रज्वलन, कटरा बाजार में विशाल जागरण, बावली हनुमान मंदिर में महाआरती एवं दीप प्रज्वलन, झंडाचौक हनुमान मंदिर में 151 दीप प्रज्वलन व प्रसाद वितरण, बड़ीमाई मंदिर परिसर राम मंदिर में विशेष पूजन व दीप प्रज्वलन, संयासी महाराज मंदिर में राम भजन व दीप प्रज्वलन, ब्यौहार मोहल्ला स्थित हनुमान मंदिर में विशेष पूजन, महाआरती व प्रसाद वितरण, बिरखा स्थित जगदीश स्वामी मंदिर में पूजन व दीप प्रज्वलन, बालाजी मंदिर बाजार रोड में मानस पाठ, कटरा बाजार जोगी मंदिर में 1100 दीप प्रज्वलन व प्रसाद वितरण किया गया। भरभरा आश्रम में संत बनवारी दास महाराज के सानिध्य में विशेष पूजन व आरती, हरदी कुटी आश्रम में संत कौशिल्यादास महाराज के सानिध्य में पूजन व दीप प्रज्वलन, करौंदी स्थित महर्षि वेद विज्ञान विधापीठ आश्रम में वैदिक विधि विधान से पूजन गया। इसी कड़ी में ग्राम पचपेढी, घुघरी, घुघरा, हरदी, परसवारा, बम्हनी, महनेर, टोला, पिपरियाशुक्ल, छोटीपोड़ी, सहलावन पिपरिया स्थित मंदिरों में विविध धार्मिक आयोजन किए गये।



#### जगह जगह हुए भंडारे

राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ संयोग पर बड़वारा नगर की मन्दिरों में जगह जगह भंडारे आयोजित किये गए। पूरा बड़वारा नगर राम भक्तों को भगवा वस्त्र में देखकर व राम जी की जयकारा से राम मय हो गया। बस स्टैंड बड़वारा में आशीष गुप्ता के मार्गदर्शन में राम भक्तों के द्वारा हनुमान मंदिर में पूजन किया गया व विशाल भंडारा आयोजित किया गया जिसमे नागरिकों ने भंडारे की प्रसाद ग्रहण किया व पूण्य लाभ प्राप्त किया।

#### हुआ रामायण पाठ व भंडारा

बड़वारा के सुप्रसिद्ध हनुमान ताल में विराजे महाबली हनुमान जी की मन्दिर में रामायण मण्डल के द्वारा अखण्ड रामायण पाठ आयोजित किया गया जिसमें रामायण मण्डल के सदस्यों ने सुमधुर रामायण का गायन किया व मनोहारी प्रस्तुति दी। बड़वारा की सरपंच श्रीमती सुनैना बाई टेकाम के सौजन्य से भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी को हलुआ पूरी की प्रसाद वितरित की गई।

विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह के निवास पर अखण्ड संगीतमय रामायण पाठ व संकीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें रामायण मण्डली के लोगों के द्वारा सुंदर प्रस्तुति दी गई। सोमवार को विशाल भंडारा आयोजित किया गया।

बड़वारा थाना के सामने स्थित बजरंग बली जी की मन्दिर में राम लला जी की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बड़वारा थाना प्रभारी अनिल यादव व स्टाफ के सौजन्य से मन्दिर में अखण्ड रामायण का संगीत मय कार्यक्रम का आयोजन किया गया ततपश्चात भंडारे का आयोजन किया गया।



## हाऊसिंग बोर्ड में 35 लाख की लागत से श्रीराम द्वार निर्माण का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी द्वारा विकास की श्रंखला में एक और सौगात दी गयी है। सोमवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने निगमाध्यक्ष मनीष पाठक वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य शशिकांत तिवारी की गरिमामयी मौजूदगी में नेहरू वार्ड हाउसिंग बोर्ड कालोनी में श्री राम द्वार निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।महापौर की सफल कार्यशैली से प्रसन्न वार्ड के नागरिकों ने महापौर एवं जनप्रतिनिधियों का पुष्प गुच्छ मालाओं से अभिनंदन किया।।



इस मौके पर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी ने उपस्थित जनों से कहा कि आज अयोध्या में भगवान श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक दिन है श्रीराम द्वार के निर्माण भूमि पूजन के लिये यह बेहतर अवसर था उन्होंने कहा शहर विकास के हर वादे को निभाने के लिये संकल्पित हूं।।

इस दौरान स्थानीय पार्षद एमआईसी सदस्य शशिकांत तिवारी, सुभाष साहू, रमेश सोनी पार्षद शकुंतला सोनी ,पूर्व राज्य मंत्री श्रीमती अलका जैन, डॉ शिखर जैन, अक्षय श्रीवास्तव महामंत्री युवा मोर्चा, सहायक यंत्री सुनील सिंह , उपयंत्री संजय मिश्रा ,ठेकेदार अमन खरे,धर्मेंद्र गर्ग ,अनिल साहू ,रामजी कुररिया ,शानू तिवारी एवं वार्ड के नागरिकों की उपस्थिति रही।

## निर्माणाधीन बागेश्वर धाम परिसर में पूजा कर किया दीपदान

## श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में शामिल हुए कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अयोघ्या में रामलला के प्राण - प्रतिष्ठा के बाद समूचे कटनी जिले में हर्ष और उल्लास के बीच गांव और शहर में आतिशबाजी की गई। मंदिरों, नदियों एवं जलाशयों के तटों पर दीपदान किये गए। कलेक्टर अवि प्रसाद ने कटनी शहर के श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर, कुठला पुलिस थाना के पीछे डी.ए.व्ही स्कूल के सामने स्थित निर्माणाधीन बागेश्वरघाम मंदिर परिसर पहुंचकर पूजा - अर्चना कर दीपदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर को श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों द्वारा भगवान जगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा के चित्र भेंट किये गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अभिजीत कुमार रंजन भी मौजूद रहे।

#### गुरूद्वारा में किया दीपदान

कलेक्टर अवि प्रसाद एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा सोमवार को माधवनगर गुरूद्वारा पहुंचकर स्थानीय नागरिकों एवं समाजसेवियों के साथ मिलकर श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर्व पर आयोजित दीपोत्सव एवं भजन कीर्तन कार्यक्रम में पहुंचकर दीप प्रज्जवलित कर गुरूद्वारा में माथा टेककर आर्शीवाद प्राप्त किया।



श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर्व पर आयोजित कटाएघाट में दीपदान महोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मे शिरकत कर उपस्थित भक्तों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ दीपदान कर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान भारी संख्या में श्री राम भक्तों की मौजूदगी रही।

### प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर ढीमरखेड़ा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखने मिला उत्साह

# भगवान की झांकी के साथ निकाला गया जुलूस, दीप जलाकर दीपावली का मनाया उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

अयोध्या में राम मंदिर में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी उत्साह देखने को मिला। पूरा ढीमरखेड़ा क्षेत्र राम मय रहा। ढीमरखेड़ा में सुबह से ही जगह- जगह धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। ढीमरखेड़ा स्थित राम जानकी मंदिर में राम धुन संकीर्त के पश्चात हवन पूजन किया गया।

भंडारे का प्रसाद पाने बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ी ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत मुख्यालय स्थित हनुमान मंदिर में अखंड कीर्तन की गई। हवन पूजन के बाद कन्या भोज, ब्राह्मण भोज और विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। ढीमरखेड़ा स्थित शिव मंदिर पर भगवान भोलेनाथ के दरबार पर कीर्तन और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। हवन पूजन के बाद भंडारा हुआ।महिलाओं के द्वारा रामायण का आयोजन किया गया। ढीमरखेड़ा बस स्टैंड में आदि शक्ति जगत जननी के प्रांगण पर श्रद्धालुओं के द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र,माता जानकी, लक्ष्मण कुमार और संकट मोचन हनुमान जी की झांकी बनाकर विशाल जुलूस निकाला गया। ढोल नगाड़े डीजे के साथ युवा नाचते चलते रहे। इस मौके पर जमकर आतिशबाजी भी की गई। मंदिर में भण्डारे का आयोजन हुआ जहा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। घरों में भी साज सज्जा के भगवान का पूजन कर दीपक जलाकर उत्सव मनाया गया।







अयोध्या में राम मंदिर में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर उमरियापान में भी सुबह से रात तक ही जगह- जगह धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।उमरियापान ग्राम पंचायत की तरफ से बड़ी माई मंदिर को झालरों से सजाया गया। मातारानी और भगवान राम का पूजन अर्चन कर प्रसाद का वितरण किया गया। डोली मोहल्ला स्थित जगदीश मंदिर में भी भगवान का अभिषेक पूजन किया गया।रामधुन के साथ भजन-कीर्तन और फिर भण्डारे का आयोजन किया गया। रात को मंदिर में दीप जलाकर उत्सव मनाया।झंडा चौक स्थित हनुमान मंदिर में पूजन अर्चन किया गया।1100दीपों से मंदिर को सजाया गया। महाआरती की गई। व्यवहार मोहल्ला स्थित हनुमान मंदिर में सुबह सुंदरकांड और फिर महाआरती की गई। इसके पहले सुबह रामधुन के साथ प्रभात फेरी निकाली गई।मंदिर में रात को दीप प्रज्वलित किया गया।न्यू बस स्टैंड दुर्गा उत्सव समिति सदस्यों के द्वारा भगवान की जीवांत झांकी सजाकर बावली मंदिर से नगर भ्रमण के लिए निकाली गई। जगह जगह श्रद्धालुओं ने भगवान का पूजन किया। प्रसाद का वितरण भी किया गया।नवांकुर संस्था और राम भक्तों ने कुदवारी मोहल्ला स्थित श्रीराम मंदिर में पूजन अर्चन किया। भण्डारे का प्रसाद भी लोगों ने ग्रहण किया।

शाम को प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता और हनुमानजी की संजीव झांकी सजाकर नगर भ्रमण कराया। डीजे साउंड में राम की धुन के साथ जयकारे लगाते हुए महिला युवा और बच्चे नाचते रहे। रात को मंदिर में दीप जलाकर उत्सव मनाया गया।इस मौके पर मंदिर सहित घरों में भगवा ध्वज लगाए गए।

## खबर संक्षेप



### स्कूटी सवारों से 30 हजार की देशी शराब जब्त

**कटनी।** माधवनगर पुलिस ने बीती रात स्कूटी से शराब तस्करी करते दो युवकों को गिरफ्तार किया। बिना नंबर प्लेट की स्कूटी से शराब तस्करी करते पकड़े गए दोनों ही आरोपी कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी बताए जा रहे हैं। माधव नगर थाना प्रभारी मनोज गुप्ता ने बताया कि गत रात लगभग 10:30 बजे जब स्टाफ क्षेत्र की शांति व्यवस्था को लेकर भ्रमण कर रहा था इस दौरान संदिग्ध अवस्था में स्कूटी से जाते हुए दो युवकों को देखा गया। बिना नंबर की सिल्वर कलर की स्कूटी से जा रहे दोनों युवकों को घेराबंदी करके माधव नगर थाना क्षेत्र के एमईएस कॉलोनी में एक आइसक्रीम पार्लर के पास पकड़ा गया। जांच के दौरान आरोपियों के पास से 300 पाव देसी मसाला एवं प्लेन शराब जप्त की गई। उन्होंने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत नई बस्ती निवासी 21 वर्षीय अमन पिता कैलाश तिवारी एवं झर्रा टिकुलिया निवासी रवि बर्मन को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों से लगभग 30000 कीमती अवैध शराब एवं स्कूटी जप्त करते हुए उनके खिलाफ धारा 34 दो आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

### जिलाबदर के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कटनी।** थाना कैमोर पुलिस द्वारा पनिहाई बस स्टैंड के पास मुखबिर की सूचना पर जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 188 ताहि के तहत गिरफ्तार किया गया। गत 20 जनवरी को मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना कैमोर पुलिस द्वारा जिला दंडाधिकारी कटनी के जिलाबदर आदेश का उल्लंघन कर थाना कैमोर क्षेत्र में घूम रहे आरोपी अमर सिसोदिया पिता कैलाश सिसोदिया उम्र 27 साल नि खलवारा बाजार थाना कैमोर को धारा 188 ताहि के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय वि.गढ़ के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय द्वारा आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया। उक्त कार्यवाही में सउनि अखिलेश मिश्रा, प्रआर. रमेश सिंह, प्रआर. चंद्रभान विश्वकर्मा, आर. विनोद, आर. विक्रम सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### टिकरिया व कुम्हरवारा के श्रमिकों की हुई घर वापसी

**कटनी।** बहोरीबंद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टिकरिया एवं कुम्हरवारा के 23 श्रमिक जो गन्ना कटाई हेतु महाराष्ट्र के सोलापुर लें जाये गये थे की सुरक्षित वापसी सोमवार को सुबह हो चुकी है। कलेक्टर अवि प्रसाद एवं क्षेत्रीय विधायक प्रणय प्रभात पांडेय के प्रयासों से श्रमिकों की वापसी संभव हो पायी है। ज्ञात हो कुछ दिनों पहले विधायक द्वारा कलेक्टर को श्रमिकों के फसे होने की सूचना दी गई, तत्पश्चात जिला प्रशासन सोलापुर जिला प्रशासन से सीधे संपर्क किया था।

### नवनिर्मित मंदिर में श्री राम भगवान की प्रतिष्ठा हुई



**सिलौंडी।** सिलौंडी के समीपवर्ती ग्राम खम्हरिया बागरी में नव निर्मित मंदिर में सोमवार को भगवान श्री राम ,लक्ष्मण सीता जी की प्राण प्रतिष्ठा हुई । कार्यक्रम में जिला पंचायत कविता पंकज राय ,जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता दुबे ,सांसद प्रतिनिधि पदमेश गौतम , भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेश राय , प्रकाश सिंह बागरी पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष , सरपंच अनिल बागरी , सरदार बागरी ,राजकुमार बागरी ,राहुल दुबे आदि की उपस्थिति रही ।

## नवविवाहिताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएँ, ट्रांसफर वालों के नाम हटाएँ

# संभागायुक्त ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण, ननि उपयंत्री को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिन युवतियों के विवाह हुए हैं और वे मायका छोड़कर ससुराल पहुँच गई हैं, लेकिन उनके नाम या तो मतदाता सूची में जुड़े ही नहीं हैं या फिर मायके वाली विधानसभा की मतदाता सूची में उनके नाम होंगे। ऐसी युवतियों के नाम जोड़े जाएँ और जिन अधिकारियों व कर्मचारियों के ट्रांसफर हो चुके हैं उनके नाम सूची से काटे जाएँ। किस विधानसभा में जेंडर रेश्यों क्या है और कितना अंतर है इसकी पूरी जानकारी रखी जाए।

उपरोक्त निर्देश संभागायुक्त अभय वर्मा ने सोमवार को रोल प्रेक्षक के रूप में मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के बाद आयोजित एस.डी.एम. और तहसीलदारों की बैठक मे दिया। श्री वर्मा ने मतदान केन्द्र पहुँचकर मतदाता सूची के शुद्धिकरण के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक के दौरान कलेक्टर अवि प्रसाद,



जिला पंचायत के सी.ई.ओ शिविर गेमावत और अपर कलेक्टर साधना परस्ते सहित संबंधित क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और तहसीलदार उपस्थित थे।

### मतदान केन्द्र का निरीक्षण

मतदान केन्द्र के निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त ने ईपी रेश्यो, जेंडर रेश्यो, नाम जोड़ने व नाम काटने के संबंध में जानकारी ली। संभागायुक्त ने कहा कि नाम डिलीशन के दौरान यह विशेष रूप से ध्यान में रखना है कि कहीं सही व्यक्ति का नाम तो डिलीट नहीं हो गया है। रोल प्रेक्षक के रूप में कमिश्नर श्री वर्मा ने पी डब्ल्यू.डी.कार्यालय स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 246 एवं 247और पी.डब्लू.डी.कालोनी स्थित कृषि विभाग के कार्यालय में स्थापित मतदान केंन्द क्रमांक 241 का निरीक्षण किया और मतदाता मतदाता सूची के शुद्धिकरण के संबंध में जानकारी ली। बी.एल.ओ रजिस्टर का अवलोकन किया। संभागायुक्त श्री वर्मा ने मृत मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटने नगर निगम द्वारा समय पर सूची नहीं उपलब्ध कराने पर नगर निगम के उपयंत्री और बी.एल.ओ सुपरवाईजर संजय मिश्रा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एस.डी.एम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा और तहसीलदार आशीष अग्रवाल मौजूद रहे

संभागीय कमिश्नर श्री वर्मा ने रोल प्रेक्षक के रूप में कलेक्ट्रेट में सभी विधानसभाओं के रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ बैठक कर मतदाता सूची के शुद्धीकरण के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए।

रोल प्रेक्षक श्री वर्मा ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जिले की सामान्य निर्वाचन संबंधी जानकारी पर चर्चा की। संभागायुक्त ने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने- अपने विधानसभा क्षेत्र के मतदाता सूची से संबंधित जो भी समस्याएँ हैं उन्हें बताएँ ताकि समय पर उनका निराकरण किया जा सके। इसके साथ ही कहा कि सभी राजनीतिक दल मतदान केन्द्रों पर बीएलए की नियुक्ति करें और उनकी मौजूदगी रहे साथ ही बी.एल.ओ के सतत संपर्क में रहे औरनए मतदाताओं के नाम जोड़ने में सहयोग करें। बैठक में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों ने मतदान केन्द्र परिवर्तन और बढ़ाने के संबंध में अपने विचार रखे। संभागायुक्त ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एंव पदाधिकारियों से टोल फ्री नबंर 1950 पर मतदाता सूची से संबंधित अपनी शिकायत और समस्याऐं दर्ज कराने के साथ - साथ अपने बी.एल.ए.के माध्यम से इस टोल फ्री नबंर का अधिक से अधिक प्रचार-प्रचार करने के निर्देश दिये।

### शिकायतों के निराकरण में जिला पुलिस बल को मिला तीसरा स्थान

**कटनी।** सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त होने वाली शिकायतों के निराकरण में जिला पुलिस बल लगातार अपना वर्चस्व बनाए हुए हैं। ताजा जारी हुई रैंकिंग में जिला पुलिस बल ने प्रदेश भर के दर्जनों जिलों को पीछे छोड़ते हुए तीसरा स्थान हासिल किया है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के कुशल नेतृत्व में कटनी पुलिस बल को ए ग्रेड प्राप्त हुआ है। पुलिस विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के मुताबिक पुलिस मुख्यालय द्वारा जनवरी माह की ताज ग्रेडिंग सीएम हेल्पलाइन के निराकरण की जारी की गई है। जनवरी माह में आज तक के आंकड़ों पर अगर नजर डालें तो कटनी जिला पुलिस बल को सीएम हेल्पलाइन के जरिए कुल 461 शिकायतें प्राप्त हुई थी। जिनमे से 49.07 प्रतिशत शिकायतें संतुष्टि पूर्ण तरीके से बंद कराई गई। जिला पुलिस बल कटनी को 83.82 परसेंट वेटेज स्कोर प्राप्त हुआ है। लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए कटनी पुलिस बल ने इस एक बार ए ग्रेड हासिल किया है। सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में कटनी पुलिस बल की इस सफलता को लेकर पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने समस्त स्टाफ को शुभकामनाएं दी हैं।

*परीक्षाओं की तैयारी करने में पुस्तकें होंगी मददगार*

## प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पुस्तकें देने की पहल को मिली सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

संभागायुक्त अभय वर्मा ने कहा कि जिले के छात्रावासों के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए जिला प्रशासन द्वारा पुस्तकें उपलब्ध कराने का प्रयास अत्यंत सराहनीय और प्रशंसनीय है। इन पुस्तकों से छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में काफी मदद मिलेगी। संभागायुक्त श्री वर्मा ने यह बात सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में छात्रावास अधीक्षकों को 18 पुस्तकों का बंडल भेंट करने के बाद कहीं । इस मौके पर कलेक्टर श्री अवि प्रसाद और जिला पंचायत के सी.ई.ओ. शिशिर गेमावत खास तौर पर मौजूद रहे।

संभागायुक्त को कलेक्टर श्री प्रसाद ने बताया कि ये पुस्तकें



सी.एस. आर. निधि और दानदाताओं के सहयोग से प्राप्त हुई है। पुस्तकों के इन बंडलों में 18 पुस्तकें है। जिसमें क्लैट परीक्षा के अलावा जे.ई.ई.और नीट की तैयारी की पुस्तकों सहित 12वीं कक्षा के बाद केंद्रीय यूनिवर्सिटी में प्रवेश हेतु तैयारी करने वाली पुस्तकें शामिल हैं। इसके अलावा एस. एस सी .की परीक्षा सहित बैंक, रेलवे और सेना में भर्ती हेतु तैयारी करने से संबंधित पुस्तकें छात्रावासों को उपलब्ध कराई गई है। सोमवार को 30 छात्रावासों को प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें प्रदान की गई है। जिनमें जनजातीय कार्य विभाग के 12 कन्या छात्रावास एवं 6 बालक छात्रावास, सर्व शिक्षा अभियान के 4 कन्या छात्रावास और राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के 7 कन्या छात्रावास सहित एक बालक छात्रावास शामिल है।

कलेक्टर की अपील पर जिले के छात्रावासों में रहने वाले छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी हेतु पुस्तकें उपलब्ध कराने दानदाताओं ने हाथ आगे बढ़ाया है। इनमें शैलेंद्र नागरथ और अनिल नागरथ ने 40-40 हजार रूपये, किशनचन्द्र भदलानी ने 30 हजार रूपये तथा बृज किशोर भार्गव द्वारा दी गई 50 हजार रूपये की सहयोग राशि शामिल है। इनके सबके द्वारा प्रदान की गई एक लाख 60 हजार रूपये की राशि से 18-18 पुस्तकों के 30 सेट तैयार हुए जिन्हे छात्रावास अधीक्षकों को प्रदान किया गया है।

### प्रोजेक्ट पंख की राज्य स्तर पर हो रही सराहना



कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन में द्वितीय नेशनल कांफ्रेंस ऑफ़ स्टेट माइनिंग मिनिस्टर्स समारोह भोपाल में ज़लि के नवाचार लगाई गई प्रोजेक्ट पंख की प्रदर्शनी लगाई गई है, जिसके माध्यम से संपूर्ण देश से आये अतिथियों को ज़लि के नवाचार प्रोजेक्ट पंख के संबंध में अवगत कराया जा रहा है। आगंतुकों द्वारा इस अनूठे एवं रचनात्मक प्रोजेक्ट की जमकर प्रशंसा की जा रही है । उल्लेखनीय है की 22 जनवरी से 23 जनवरी तक भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर ( मिण्टो हॉल ) में आयोजित इस कॉन्फ़्रेंस में विभिन्न राज्यों के खनिज मंत्री, उनके प्रतिनिधि व संपूर्ण देश के वरिष्ठ अधिकारीगण सम्मलित हो रहे हैं। विदित हो कि उपरोक्त कॉन्फ़्रेंस में मध्यप्रदेश खनिज विभाग द्वारा खनिज प्रतिष्ठान मद से ज़लिों में विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों के प्रदर्शन हेतु प्रदेश भर से कटनी ज़लि के प्रोजेक्ट पंख का चयन किया गया था।



## 10 ग्रामों में शिविरों का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को पात्र अंतिम व्यक्ति तक लाभ देने के उद्देश्य से सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के 10 ग्रामों में शिविर आयोजित किए गए।

निर्धारित रूट अनुसार संकल्प यात्रा सोमवार 22 जनवरी 2024 को जनपद पंचायत बड़वारा की ग्राम पंचायत कन्नौर, जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायत पटौरी व मझगवां, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सैलारपुर व दषरमन जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत बिचुआ जनपद पंचायत रीठी की ग्राम पंचायत करहियाकला व बड़ागांव सहित जनपद पंचायत विजयराघवगढ की ग्राम पंचायत उरदानी व सिजहरा पहुंचने पर स्थानीय जानो द्वारा यात्रा का स्वागत किया जाकर स्थानीय कार्यक्रम की शुरुवात की गई। इस दौरान ग्रामवासियों को शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधान मंत्री जी के संदेश का वाचन किया जाकर उपस्थित जनों द्वारा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं हितग्राहियों की मौजूदगी रही।

*भगवान श्रीराम की भक्ति में डूबा नजर आया समूचा शहर*

## दीपों की रोशनी से जगमग हुए मंदिर, नदी एवं जलाशय, की गई आतिशबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अयोध्या में 550 वर्षों के बाद भगवान श्री राम की नवीन मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की अवसर पर कटनी में दीपों की रोशनी से जगमगा का गया। वही संपूर्ण कटनी भक्ति में डूबा नजर आया। साथ में मन मोहिनी वाली रंगोली सजाई गई तो कहीं गगन बेदी आतिशबाजी भी की गई। यह संपूर्ण उत्सव दीपावली पर्व की तरह मनाया गया।

अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर के एक दिन पूर्व से ही संपूर्ण कटनी के धार्मिक स्थलों पर आकर्षक लाइटिंग की गई, वहीं घरों में प्रतिष्ठानों एवं शासकीय कार्यालय को भी आकर्षक रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया। इसी प्रकार धार्मिक





स्थलों प्रतिष्ठानों एवं घरों पर महिलाओं द्वारा मन मोहिनी वाली रंगोली सजाई गई एवं सायं काल होते ही संपूर्ण कटनी जिला दीपों रोशनी से जगमगा उठा। जिले भर के गांव - गांव एवं शहरी क्षेत्रों के विभिन्न मंदिरों एवं जलाशयों में कार्यक्रम दीपोत्सव एवं दीपदान पर्व मनाया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों साधु संतों महंतों एवं धर्म प्रेमियों अधिकारियों द्वारा प्रज्जवलित किए गए। वही हनुमान मंदिरों में भी दीपक जलाए गए एवं आतिशबाजी की गई।

कटनी के सभी धार्मिक स्थलों, घरों, प्रतिष्ठानों पर दीपक जलाने के अलावा भजन कीर्तन, रामधुन, अखंड रामायण, हनुमान चालीसा, सुंदरकांड किए गए। इसी प्रकार अलग-अलग धार्मिक स्थलों से भगवान श्री राम के साथ सीता माता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न की आकर्षक झांकियां के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। भजन मंडलियों द्वारा भजनों की परिस्थितियों देर रात तक प्रस्तुत की गई एवं भोग प्रसादी का वितरण भी किया गया।

### जन अभियान परिषद ने किया आयोजन, भगवान की सजाई जीवंत झांकी

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली विशाल कलश शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जबरदस्त उत्साह है। समूची कटनी राममय है।जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में रविवार को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ढीमरखेड़ा के द्वारा विशाल कलश शोभायात्रा यात्रा निकाली गई। बैंड बाजों और डीजे साउंड की धुन के साथ निकाली गई इस विशाल शोभायात्रा में हजारों की संख्या में महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर यात्रा में हिस्सा लिया।

विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने बताया कि पिपरिया सहलावन से रामकुंडी आश्रम भ्रमण के बाद शुरू हुई कलश शोभायात्रा डूंडी, भनपुरा कला, बार गांव के बाद बरेली से होते हुए भरभरा आश्रम पहुचीं। डीजे साउंड पर बज रहे भजनों पर जय श्री राम के नारे लगाते हुए रामभक्त नृत्य करते नजर आए। शोभायात्रा का ग्रामीणों ने जगह ,-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। लहराते भगवा



ध्वज और शोभायात्रा में लग रहे जयकारों से समूचा क्षेत्र राममय रहा।शोभायात्रा में भगवान राम,लक्ष्मण और माता सीता के साथ हनुमानजी की सजीव झांकी शामिल रही।भरभरा आश्रम पहुँची कलश शोभायात्रा का स्वागत किया गया। आश्रम में संत बनवारी दास महाराज ने उपस्थित समुदाय को आशीष वचनों से संबोधित किया। श्रद्धालुओं ने संत महाराज का पूजन कर आशीर्वाद लिया।

जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवाल ने कार्यक्रम को लेकर विस्तार से जानकारी दी। समाजसेवी राजेश चौरसिया ने 22 जनवरी को दीपावली की तरह अपने घरों और मंदिरों में दीपक जलाने एवं भगवा ध्वज फहराकर उत्सव मनाने कहा।कार्यक्रम पश्चात सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। शोभायात्रा के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद रही।शोभायात्रा में जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्थाएं, पिपरिया सहलावन, भटगवां,तिघरा,डूंडी, झिरिया टोला,भनपुरा कला,बार बरेली, इटवां की प्रस्फुटन समिति,सीएमसीएलडीपी स्टूडेंट्स,मेंटर्स,ग्राम पंचायत के प्रतिनिधिओं के अलावा हजारों की संख्या में महिला- पुरुष शामिल रहे।

इस मौके पर जनपद अध्यक्ष सुनीता दुबे, समाजसेवी विजय दुबे,गोविंद सिंह, राजेश ब्यौहार, संतोष दुबे,जयपाल सिंह,प्रदीप चौरसिया,जनपद सीईओ यजुवेंद्र कोरी, एपीओ डा अजीत सिंह, मनीष हल्दकार,केपी परौहा, सचिव शैलेन्द्र परौहा, अनिल दीक्षित, सुरेश काछी,राजा भैया पटेल,बलराम गर्ग, सेक्टर प्रभारी प्रकाशनाथ साहू, अंकित झारिया, कोदुलाल हल्दकार,विकास हल्दकार, परामर्शदाता शैलेश दुबे, धर्मेन्द्र गर्ग, सहित बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

## युवती से दुराचार के तीनों आरोपितों की हुई गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा थाना क्षेत्र में मूकबधिर युवती के साथ दुराचार करने वाले तीन आरोपितों को पकड़ने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी अनिल यादव ने बताया कि 15 जनवरी की शाम लगभग 6:30 बजे 20 वर्षीय युवती शौच क्रिया के लिए नाले की तरफ गई थी। लगभग 1 घंटे बाद जब वह घर लौटी तो उसके कपड़े फटे हुए थे परिवार वालों ने जब पूछा तो लड़की रोने लगी और उसने इशारा करके अपने साथ हुई पूरी घटना की जानकारी परिजनों को दी। युवती ने तीन लोगों के द्वारा दुराचार करने की बात परिजनों को बताई। इसके बाद जब परिजनों ने नाले की तरफ जाकर देखा तो वहां गांव के ही पंकज बर्मन, गुड्डू उर्फ दीपक बर्मन, संजय बर्मन मौजूद थे। परिजन तीनों युवकों को पड़कर लड़की के सामने लाए तो उसने इन तीनों को पहचानते हुए दुष्कर्म करने का आरोपी ठहराया। इसके उपरांत तीनों युवक लड़की के परिवार वालों से हाथापाई करते हुए वहां से भाग निकले। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 341, 376, 376डी ताही के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया। शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया उप पुलिस अधीक्षक उमराव सिंह हेड क्वार्टर के मार्गदर्शन में आरोपियों की तलाश शुरू की गई। बड़वारा पुलिस ने आरोपियों की तलाश करते हुए 15 घंटे के अंदर ही तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## खबर संक्षेप

### कोरहा बाबा में 63 दिनों से चल रही रामधुन संकीर्तन का भण्डारे के साथ हुआ समापन

**पन्ना।** विरासन धर्म प्रेमी समाजसेवी राजू राजा ने ने नए साल में सिमरिया तहसील के विरासन ग्राम पंचायत में कुरहा बब्बा लगातार 63 दिन से चल रही रामधुन की समाप्ति होगी राजू राजा ने बताया कि 25 तारीख को प्राण प्रतिष्ठा होगी माननीय प्रधानमंत्री जी के अधिक प्रयासों से अयोध्या में 22 जनवरी को रामलाल की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होना है उसी तर्ज पर हमारे ग्राम वासियों ने सभी लोगों ने 63 दिन की रामधन का आयोजन किया था जो 22 जनवरी को समाप्ति होगी आसपास के ग्रामवासियों ने भंडारा के साथ प्रसाद ग्रहण किया नए साल में बहुत लोग आए सभी लोगों ने आशीर्वाद दिया और सभी क्षेत्र के लोग आनंदमई हैं।

### भगवान राम के स्वागत में शहर से लेकर गांव तक उत्सवी माहौल

**पन्ना।** अयोध्या में भगवान श्रीराम लला की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के साथ ही जिले में शहर से लेकर गांव तक राम मय माहौल है। सलेहा नगर में सुबह से ही रामनाम संकीर्तन पूरे नगर की गलियों में गूंजी और मंदिरों में पुजा अर्चना की गई साथ ही अयोध्या कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। ग्राम पटना तमोली में श्री राम सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान जी की मनमोहक झांकी की शोभायात्रा निकाली गई जिसमें घर घर पूजा वंदन कर फूलमाला एवं आतिशबाजी कर अपनी खुशियों को व्यक्त किया गया। महर्षि अगस्त्य आश्रम सिद्धनाथ में भी विशेष पूजा अर्चना कर कन्या भोज कराया गया और 151 दीप जलाकर अपने आराध्य की आराधना की। ग्राम पथरहा के समीप निरंकार आश्रम में राम नाम संकीर्तन और आतिशबाजी के साथ ही भंडारे का आयोजन किया गया। ग्राम गंज के हनुमान मंदिर में हनुमान जी की प्राणप्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राणप्रतिष्ठा के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें देशी घी से निर्मित हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी प्रकार सलेहा क्षेत्र प्रत्येक गांव के देवस्थानों में पूजा वंदना कर श्री रामोत्सव मनाया।

सभी मंदिरों में हुए धार्मिक अनुष्ठान सुंदरकांड भजन कीर्तन व भंडारे

# जय श्रीराम के नारे गूंजे, भगवा रंग में रंगी उपकाशी







हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की शुभ घड़ी के मंगल अवसर पर पवित्र नगरी उपकाशी में भी अयोध्या जैसी झलक दिखाई दे रही थी। नगर के मंदिरों में विशेष अनुष्ठान किए गए कहीं अखंड हनुमान चालीसा तो कहीं सुंदरकांड के पाठ तो कहीं भंडारे की आयोजन किए गए। नगर के बडा बाजार राम मंदिर, पुलिस थाना मंदिर, रामगोपाल जी मंदिर, बालाजी मंदिर, कौशलाधीश मंदिर, राय चौराहा के पास हनुमान जी की मडिया मंदिर, एवं देव श्री गौरी शंकर पीतांबरा मंदिर के साथ चंडी जी, गायत्री मंदिर मद्दी के बगीचा स्थित हनुमान मंदिर मौजानंद आश्रम मंदिर गढ़िया सहित अन्य मंदिरों को भगवा झंडो ध्वजों से सजाया गया जहां सुबह से ही संगीत में सुंदरकांड हनुमान चालीसा रामधुन के साथ यज्ञ हवन कार्यक्रम आयोजित किए गए। वही कार्यक्रम के दौरान श्री राम मंदिर चांदी की मंदिर पीतांबरा पीठ में अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा और सुना गया। वहीं थाना परिसर राम मंदिर मैं दोपहर 1 बजे से चौरसिया परिवार द्वारा विशाल भंडारे कन्या भोज का आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। हटा नगर सहित ग्रामीण इलाकों के कोने-कोने में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव पूरे उत्साह के साथ राम भक्तों द्वारा मनाया गया।

### श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व निकाली शोभायात्रा

अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के साथ उपकाशी नगर के कमला नेहरू वार्ड स्थित शंकर जी के चबूतरा स्थित मंदिर में भी प्रभु श्री राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान के साथ की गई इसके पूर्व नगर में दोपहर गाजे बाजे के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली गई जो शंकर जी के चबूतरा से प्रारंभ होकर राय चौराहा नायक तिगड्डा से पेट्रोल पंप होते हुए चंडी जी गौरीशंकर मंदिर से बजरिया होते हुए पुनः मंदिर पहुंची जहां पर पंडितो द्वारा मंत्रोपचार के साथ विधि विधान से पूजन अर्जन कर भगवान श्री राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। शोभायात्रा में भगवान श्री राम सीता लक्ष्मण हनुमान जी रथ पर विराजमान होकर शोभायात्रा में नगर भ्रमण कराया गया जिस दौरान भक्त भगवा ध्वज लहराते हुए जय श्री राम के नारे लगाते हुए चल रहे थे इन्हें देखकर ऐसा लग रहा था जैसी पूरा नगर भगवामय भक्तिमय हो गया है। वहीं महिलाएं सिर पर मंगल कलश लेकर श्री राम के नारे लगाते हुए चल रही थी।

### दीपोत्सव सा नजारा

नगर के सभी राम भक्तों ने अपने-अपने प्रतिष्ठानों व घरों में भगवा ध्वज लगाएं वही दरवाजों में बंधनबार रंगोली सजाकर आतिशबाजी करते हुए प्रभु श्री राम के आने की खुशी में दीपोत्सव मनाया। नगर की दशो दिशाओं में उल्लास व हर्ष दिखाई दे रहा था। राम भक्तों ने नगर में जगह-जगह खुशियां मनाते हुए प्रसाद वितरण किया।

## जैन समाज नोहटा ने भी मनाया श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव



**नोहटा।** विगत 500 वर्षो से चली आ रही प्रतीक्षा का आज इंतजार समाप्त हो गया। पूरे देश में आज खुशी का माहौल छाया हुआ है। घर घर दिवाली एवं खुसिया मनाई जा रही है। नगर में सकल दिगंबर जैन समाज के द्वारा भगवान राम की बाल स्वरूप झांकी सजा कर शोभा यात्रा निकाली गई। जो नगर परिक्रमा करते हुए बस स्टैंड हनुमान मंदिर में चल रही भागवत कथा में महा आरती में सम्मिलित हुईं। इसके बाद गांधी चौक पर समग्र जैन समाज के द्वारा प्रभु श्री राम एवं राम दरबार का

## शिव शनि हनुमान मंदिर में हुआ भव्य आयोजन



**दमोह।** दमोह के एसपीएम नगर स्थित श्री शिव शनि हनुमान मंदिर में सुबह से ही विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह से बड़ी संख्या में आमजनों ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। इसके पश्चात असख्य हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन लगातार दिन भर चलता रहा। संगीतमय सुंदरकांड पाठ के उपरांत हवन पूजन किया गया और महा आरती का आयोजन भी भव्य तरीके से किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से मुख्य जजमान के रूप में कपिल खटीक द्वारा पूजन आयोजन किया गया तथा प्रसाद वितरण कराया गया। स्थानीय पार्षद मिक्की चंदेल द्वारा भी सभी धर्म प्रेमियों को खीर का वितरण कराया गया। इस दौरान पं बालकृष्ण शास्त्री के मार्ग निर्देशन में समस्त कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## अयोध्या की तर्ज पर बनवार खेर माता मंदिर में हुई भगवान श्री रामलला व राधाकृष्ण की प्राण प्रतिष्ठा





बनवार। अयोध्या में बने भव्य मंदिर की तर्ज पर ही बनवार खेर माता मंदिर परिसर में भी श्री राम श्री राधा कृष्ण मंदिर बनकर तैयार हुआ खास बात यह है कि इस मंदिर में भी प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी अयोध्या में हुई। प्राण प्रतिष्ठा के शुभ मुहूर्त में बनवार में भी भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई और भव्यता और दिव्यता के साथ रामोत्सव मनाया गया। पंडित ऋषिकांत गर्ग ने बताया अयोध्या राम जन्मभूमि में जिस घड़ी का सदियों से इंतजार था। वह घड़ी आज आ गई और नवीन राम मंदिर के गर्भ ग्रह में राम लला की बाल स्वरूप की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। उसी तर्ज पर बनवार खीर माता में इस मुहूर्त में 84 सेकंड के अंदर ब्राह्मणों द्वारा श्री राम दरबार एवं राधा कृष्ण मंदिर में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके बाद भगवान के दिव्य दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। रामोत्सव एवं श्री राधा कृष्ण उत्सव का देर शाम समापन हुआ इसके बाद आज 23 जनवरी को विशाल भंडारे के साथ पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह पंचकुंडीय महायज्ञ

# रामोत्सव पर श्रीराम संकीर्तन शोभायात्रा की रही धूम







**बनवार।** बनवार बम्होरी अंचल के गांव गांव विभिन्न स्थानों पर श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा पर लोगों ने धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जिसमें भजन संकीर्तन भंडारे सुंदरकांड रामायण पाठ आदि है। संपूर्ण क्षेत्र श्री राम के जयकारों से गूंज रहा है। घटेरा संकट मोचन मंदिर से लेकर बनवार खेर माता मंदिर खमरिया संकट मोचन मंदिर राम दरबार पटना मानगढ़ संकट मोचन मंदिर राम दरबार रोड बजरिया मोहल्ला प्राचीन हनुमान मंदिर सहित कुसमी मानगढ़ मैं अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। विभिन्न स्थानों पर अयोध्या में श्री राम लाल प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विविध धार्मिक आयोजन संपन्न हुए। सड़कों के किनारे और बाजारों में श्री राम के झंडा लहरा रहे थे जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया जा रहा था। हर स्थान पर जय श्री राम के जयकारे गूंज रहे थे लोगों के बीच काफी उत्साह बना हुआ था। वहीं घरों में श्री राम के पूजन के साथ दीपोत्सव मनाया गया। प्रभु राम के रंग में रंगा पूरा क्षेत्र में जहां कुसमी हनुमान जी मठ अखंड रामायण पाठ के साथ लोक कला संस्कृति की दिवारी नृत्य का भव्य आयोजन भंडारे का कार्यक्रम संपन्न हुआ। वही बम्होरी ग्राम भव्य शोभायात्रा के साथ चैत्र नवरात्रि में होने वाले शतचंडी महायज्ञ का झंडा वंदन धार्मिक अनुष्ठान हुआ। सिद्धों की तपोभूमि गंगा गंगा झिरिया मैं 1100 दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया गया। माला मानगढ़ संकट मोचन मंदिर से भव्य शोभायात्रा का समापन दीपोत्सव के साथ हुआ ग्राम पंचायत सलैया बड़ी के ग्रामों में रामायण पाठ सिग्रामपुर कोंडाकला भजिया सिंगपुर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जुझार ग्राम केसरी राधा कृष्ण मंदिर में संगीत में सुंदरकांड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान श्री राम की झांकी सजाई गई। लोगों ने दर्शन करते हुए भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया मंदिरों में जहां सुबह से विशेष अनुष्ठान शुरू हो गए थे। कहीं सिंगर आरती तो कहीं महा आरती की जा रही थी सुंदरकांड पाठ सुबह से ही भक्ति का रस घोल रहे थे तो मंदिरों से उठने वाली हवन और धूप धुवन की खुशबू चारों तरफ फैली हुई थी। हर तरफ भगवान श्री राम के राम ध्वज लहरा रहे थे मंदिरों को फूल एवं लाइट से आकर्षक ढंग से सजाया गया था रामोत्सव में भारी भीड़ उमड़ने की संभावनाओं के बीच पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तेद होकर शांति व्यवस्था बनाए रखने में जुटा हुआ था।

## श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में किये विविध आयोजन



**दमोह।** टाईम्स परिवार ने मनाया प्रभुश्रीराम का प्राण प्रतिष्ठा समारोह जिसमें महाविद्यालय परिसर में अयोध्या के श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण दिखाया गया एवं महाविद्यालय में राम भजन, महाआरती करके हर्षोल्लास के साथ रामजी का स्वागत किया और प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संचालक सुशील गुप्ता जी ने कहा कि श्रीराम हमारी आस्था का मुख्य केन्द्र हैं, हिन्दू धर्म ही सनातन धर्म है।

## दीप प्रवज्जलन एवं वृक्षारोपण कर रामलला विराजमान होने की मनाई खुशी

दमोह। इस अवसर पर संस्कृति विभाग म.प्र. शासन भोपाल की गाईड लाईन एवं म.प्र.जन अभियान परिषद दमोह के मार्गदर्शन में श्री राम जन्मभूमि, राम मंदिर प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अंतर्गत संपूर्ण प्रदेश में आयोजित किये जा रहे है। इसी तारतम्य में उनमुक्त सर्वजन कल्याण समाज सेवी संस्था दमोह द्वारा श्री हनुमान मंदिर वाटिका सर्किट हाउस पर त्रिदिवसीय रामकथा का आयोजन किया गया। इसी श्रृंखला में असंख्यात्मक दीप प्रवज्जलन एवं वृक्षारोपण का आयोजन किया गया है जिसमें कथा प्रवक्ता पं.हरीशंकर पाण्डेय ने बताया राम नाम की महिमा के बारे मे सेवार्थ श्री शिवजी ने हनुमानजी का अवतार लेकर वे राम का नाम ही जपते रहते हैं। ऐसे प्रभु श्री राम का नाम लिखना, बोलना भवसागर से पार तो लगाता ही है साथ ही यह भक्तों को समस्त प्रकार के दैहिक, दैविक एवं भौतिक तापों से मुक्ति प्रदान करता है। रामनाम कि औषधि खरी नियत से खाय, अंगरोग व्यापे नहीं महारोग मिट जाये। एवं पं.राहुल शास्त्री जिलाध्यक्ष पुजारी पुरोहित कर्मकांड महासंघ दमोह ने बताया की सर्व विदित है आंखे तरस गई जिस क्षण को देखने के लिए उसको देखने मात्र से आंख भर आई। असंख्य साधु संतों, पूर्वजों, कारसेवकों का बलिदान एवं वर्षों की तपस्या अब फलीभूत हो रही है। जिसको देखने के लिए पीढ़ियां गुजर गई। ये दिन शुभ घड़ी आ गई। 134 साल चली कानूनी लड़ाई के बाद अब अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। राम जन्मभूमि पर मंदिर के पहले चरण का काम पूरा हो गया है। 22 जनवरी 2024 की वह ऐतिहासिक तारीख है जब मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। 23 जनवरी से मंदिर आम लोगों के लिए खुल जाएगा। इसी आवसर पर पी.जी. कॉलेज की प्रोफेसर श्रीमती कमल चौरसिया, इंजीनियर हीरालाल चौरसिया, राजकुमार दुबे, अजय गर्ग, रितेश मिश्रा, शीतेश जैन, रितेश स्वामी, ब्रजेश शर्मा, उन्मुक्त संस्था से हेमंत पाठक आदि की उपस्थिति रही।

## नवीन प्राथमिक शाला पथरिया में हुआ हनुमान चालीसा पाठ



**पथरिया।** शास.नवीन प्राथमिक शाला पथरिया में अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व प्रातः 10 बजे से परम श्रद्धेय संकटमोचन हनुमान चालीसा का पाठ किया गया, हनुमान चालीसा के पूर्व सर्वप्रथम भगवान श्रीराम व हनुमान जी के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प मालायों तिलक करते हुए हनुमान चालीसा प्रारंभ किया ततपश्चात विधिवत आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम पश्चात दूरदर्शन पर प्रसारित एलसीडी द्वारा प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम उपस्थित जनसमूह व शिक्षक, स्कूली बच्चों ने देखा,कार्यक्रम में संस्था के वरिष्ठ शिक्षक कुंजीलाल पाली, श्रीमती कुसुम खटीक, आनंद वैरागी, विनोद भारती, दीनदयाल पाली संपादक साप्ताहिक दम समाचार, महेंद्र पाली, हेमंत खटीक प्राथमिक शिक्षक, लखनलाल पाल प्रधान पाठक सरस्वती ज्ञान मंदिर पथरिया, सविता पटेल एसएमसी अध्यक्ष, आर्यन पाली, मदन पाली, अमरजीत खटीक, सेल्वेंद्र सिंह पाली, यादवेंद्र सिंह, रुद्र, दिव्या दीप्ति पाली, रिमझिम छुटकी खटीक, अभिषेक पटेल, जानकी पटेल, आदि की गरिमामय उपस्थिति रही।

### शिक्षा की अलख जगाने के लिए निःशुल्क कोचिंग शुरु

**पन्ना।** लक्ष्य एक शैक्षिक जागरूकता मिशन के तहत स्वामी जी की शैक्षिक एवं सामाजिक प्रगति विचार धारा को नए साल 2024- में नई शुरुआत करते हुए लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग क्लासेज की शुरुआत अजयगढ़ क्षेत्र के पंचमपुर में 22 जनवरी 2024 समय 12:30 बजे निशुल्क कोचिंग सेंटर का उद्घाटन समारोह किया गया है। लक्ष्य कोचिंग के मुख्य अतिथि के रूप में राज किशोर दादा बहरवारा एवं लक्ष्य टीम से राजेश सिंह राजपूत एवं राम सिंह की उपस्थिति में कोचिंग का शुभारंभ किया गया (

## विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने श्रीहनुमानजी मंदिर में की भगवान की प्राण प्रतिष्ठा, हुआ रामायण पाठ

**पन्ना।** अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अजयगढ़ नंदपाल सिंह लोधी ग्राम कल्याणपुर मे मंदिर बनवाकर श्री हनुमान जी की प्रतिभा की प्राण प्रतिष्ठा कर अखंड रामायण पाठ एवं संकीर्तन का आयोजन किया है इस संकीर्तन में लगातार रामधुन की गई जिससे क्षेत्र के ग्रामीण लगातार रामधुन में भाग लिया। नंदपाल सिंह लोधी द्वारा 22 जनवरी को विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया है जिसमें हजारों लोगों ने प्रासाद ग्रहण किया। हनुमान जी के भक्त श्री सिंह ने बताया कि हनुमान जी की प्रेरणा और रामलला की कृपा से यह पुण्य काम करने की प्रकट हुई, उन्होंने राम भक्तों को भंडारे में आमंत्रित कर उन्हें प्रसाद ग्रहण करवाया। उन्होंने कहा इस पुण्य अवसर में क्षेत्र में खुशहाली आएगी और सब लोगों पर प्रभु राम की कृपा होगी, ज्ञात होगी शासकीय सेवक होने के बाद नंदपाल सिंह ने जन सेवा के कार्यों में हमेशा लगे रहते हैं और जरूरतमंदों को मदद करते हैं।

## अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव जिले भर में मनाया गया

# गांव-गांव, शहर-शहर में अयोध्या सा उत्सव, चहुंओर गूंजा 'जय श्री राम'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कई वर्षों के संघर्ष एवं बलिदानों के बाद सौभाग्य के शुभ अवसर पर भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या में बने भव्य मंदिर में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने पर समूचे देश के साथ जिले में भी दीपोत्सव दीपावली मनाई गई। आयोध्या से श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा का लाइव टेलीकास्ट प्रमुख मंदिरों में देखा व सुना गया। इसी क्रम में दमोह जिले के मंदिरों में भक्तजनों के द्वारा मंदिरों की साज-सज्जा कर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान कर प्रसाद वितरण किया गया। इसके साथ ही कलश यात्रा और शोभा यात्रा का आयोजन भी किया गया। इसी क्रम में दमोह के प्रमुख तीर्थ स्थल बांदकपुर के श्री जागेश्वर नाथ मंदिर में धार्मिक आयोजन किये गये।रात्रि में मंदिरों का घर-घर दीप जले जिसमें दिवाली सम हाल नजर आने लगा जमकर आतिशबाजी की गई। नगर में सभी हिंदू संगठनों व युवा धर्मावलंबियों ने एक भव्य जुलूस निकाला।



मंदिरों की साज-सज्जा कर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान कर प्रसाद वितरण किया गदमोह के प्रमुख तीर्थ स्थल बांदकपुर के श्री जागेश्वर नाथ मंदिर में धार्मिक आयोजन किये गये। इस संबंध में बांदकपुर मंदिर समिति के प्रबंधक श्री कृपाल पाठक ने बताया कि श्री राम जन्मभूमि आयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर संपूर्ण देश में बड़े उत्साह से दीपोत्सव, दीपावली जैसा पर्व मनाया गया। इसी के तहत जागेश्वर नाथ मंदिर में विगत एक सप्ताह से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। आज श्रीराम दरबार में एकादश रामरक्षा स्रोत का पाठ, जप, सुंदरकांड का पाठ, हवन, विशिष्ट आरती एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया। इस दौरान आयोध्या में होने वाले कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। शाम को भव्य दीप उत्सव का कार्यक्रम किया गया, जिसमें लगभग 11 हजार दीपों को प्रज्जवलित किया गया। इस दौरान संपूर्ण कार्यक्रमों में दूर-दूर से आये भक्तों में काफी उत्साह भी देखा गया।

### पूर्व मंत्री ने बांदकपुर में देखा व सुना लाईव प्रसारण

पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया बांदकपुर पहुँचे। उन्होंने यहां भगवान जागेश्वर नाथ के दर्शन और पूजन-अर्चन कर क्षेत्रवासियों की मंगल कामना की। श्री मलैया अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के लाईव प्रसारण को देखा व सुना। इस अवसर पर रमन खत्री, अखिलेश हजारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, श्रृद्धालुगण, मंदिर प्रबंधक अध्यक्ष, ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## राम नाम के रस में डूबा नगर पटेरा, युवाओं ने 101 किलो लड्डुओं का लगाया भोग









### जैन समाज ने भी बांटा मिष्ठान रही विविध आयोजनों की घूम

पटेरा। सभी मंदिरों में विविध कार्यक्रम के साथ नगर मिष्ठान वितरण व भंडारा के कई कार्यक्रम चलते रहे। संकट मोचन मंदिर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये। हनुमान चालीसा पाठ हवन का आयोजन व प्रसाद वितरण किया गया । जैन समाज ने मिष्ठान वितरण किया तो दोस्ताना ग्रुप ने पूरे नगर में सैकड़ो किलो मिठाई बांटक्र खुशियां मनाई। थाना परिसर, हरिहर मंदिर में सुंदरकांड का आयोजन व भंडारा में सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। चण्डी जी माता मंदिर, कलेही माता मंदिर, जानकी रमण मंदिर, पुराना बाजार जानकी रमन मंदिर, ताम्रकार समाज के मंदिर में भी विविध कार्यक्रम व रात्रि कालीन महाआरती का सफलतम आयोजन किया गया। नगर में सभी हिंदू संगठनों व युवा धर्मावलंबियों ने एक भव्य जुलूस निकाला।

पटेरा। अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की धूम पूरे देश में छाई हुई है। सभी लोग अपने अपने तरीके से जश्न मनाते हुए नजर आए। पटेरा नगर में भी श्री राम के ध्वज तले सभी सनातनी समितियों ने एकत्रित होकर इसे भव्य रूप में मनाया। सर्वप्रथम नगर के संकट मोचन मंदिर में श्री राम जी का पूजन कर हवन किया गया। तत्पश्चात कांवड़ यात्रा समिति एवं दोस्ताना ग्रुप के द्वारा 101 किलो लड्डुओं का भोग लगाया गया। हवन पश्चात संकट मोचन मंदिर से भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस में हजारों रामभक्त हाथो में झंडे लेकर भक्ति में झूमते नजर आए। तो वहीं युवा टोली डी जे की धुनों पर थिरकती रही। ट्रैक्टर पर श्री राम दरबार की झांकी सजाई गई थी। जगह जगह आरती उतार कर जुलूस का स्वागत किया गया। जुलूस संकट मोचन मंदिर से शुरू होकर बस्ती मार्ग से होते हुए मरई माता, ब्लॉक तिराहा, पडरी तिराहा, हटा तिराहे होते हुए पुनः संकट मोचन मंदिर पहुंचा। जुलूस का कई जगह स्वागत किया गया। जुलूस में हर वर्ग के लोग शामिल रहे। घर घर जाकर किया प्रसाद वितरण- श्री कांवड़ यात्रा समिति एवं दोस्ताना ग्रुप द्वारा 101 किलो लड्डुओं का भोग लगाया। भोग लगाने के पश्चात समिति सदस्यों द्वारा जुलूस में आगे आगे चलकर घर घर जाकर प्रसाद वितरण किया। साथ ही रास्ते से निकलने वाले सभी वाहनों में भी प्रसाद वितरण किया गया।

## रामोत्सवः निकाली श्रीराम संकीर्तन शोभायात्रा



सिंग्रामपुर। सिंग्रामपुर सिंगपुर भजिया कोंडाकला अंचल के गांव गांव विभिन्न स्थानों पर श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा पर लोगों ने धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जिसमें भजन संकीर्तन भंडारे सुंदरकांड रामायण पाठ आदि है। संपूर्ण क्षेत्र श्री राम के जयकारों से गूंज रहा है लोगों के बीच काफी उत्साह बना हुआ था। वहीं घरों में श्री राम के पूजन के साथ दीपोत्सव मनाया गया प्रभु राम के रंग में रंगा पूरा क्षेत्र में जहां सिंग्रामपुर कोंडाकला भजिया सिंगपुर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर भगवान श्री राम की झांकी सजाई गई लोगों ने दर्शन करते हुए भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। मंदिरों में जहां सुबह से विशेष अनुष्ठान शुरू हो गए थे कहीं श्रृंगार आरती तो कहीं महा आरती की जा रही थी। सुंदरकांड पाठ सुबह से ही भक्ति का रस घोल रहे थे तो मंदिरों से उठने वाली हवन और धूप धुवन की खुशबू चारों तरफ फैली हुई थी। हर तरफ भगवान श्री राम के राम ध्वज लहरा रहे थे मंदिरों को फूल एवं लाइट से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। रामोत्सव में भारी भीड़ उमड़ने की संभावनाओं के बीच सिंग्रामपुर चौकी प्रभारी आलोक तिरपूढ़े पुलिस स्टाफ भी पूरी तरह से मुस्तेद होकर शांति व्यवस्था बनाए रखने में जुटा हुआ था।

## धनुषधारी सरकार मन्दिर में हुआ रामयज्ञ



दमोह। अयोध्या में भगवान श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है, अयोध्या के साथ देशभर के मन्दिरो में पूजा, अर्चना और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का क्रम जारी है। हटा ब्लाक के मड़ियादो में ऐतिहासिक श्री धनुषधारी सरकार मन्दिर में आज प्रातः बेला से श्रीराम यज्ञ शुरू किया गया है, पंडितो द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान श्रीराम यज्ञ कराया जा रहा जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए हैं। अयोधया में भगवान राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के मुहूर्त के समय यंहा हवन,पूजन के साथ गर्भगृह में भगवान श्रीराम का आभिषेक पूजन सम्पन्न हुआ,उसके बाद प्रसादी वितरण के वाद सुंदरकांड आयोजन किया गया। कटरा मोहल्ले से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कलश यात्रा के साथ श्रीराम जी के जयघोष करते हुए धनुषधारी मन्दिर पँहुचे, वन्ही मोटे महादेव मंदिर से भी रामधुन मण्डली मन्दिर पँहुची और धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल हुई। जानकी रमण मन्दिर और मारुति भवन अखाड़ा में भी धार्मिक आयोजन-- स्थानीय जानकी रमन सरकार जी मन्दिर में भजन संध्या का कार्यक्रम हुआ और पूजा अर्चना की गई। मारुति भवन अखाड़ा समिति मे सुंदरकांड आयोजन किया गया।

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर सजा रहा देव जागेश्वर नाथ का दरबार



बनवार। अयोध्या से लेकर श्री देव जागेश्वर नाथ महादेव की नगरी तक जय श्री रामः की गूंज सुनाई मंदिर को फूलो से सजाया गया। रंगोली बनाई राम दरबार में विशेष आरती भगवान, राम भक्ति में पूरी नगरी डूबी दिखाई दी बता दें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुभ मुहूर्त अयोध्या मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की। प्रभु श्रीराम मंदिर अपनी दिव्य-भव्य अलौकिक आभा को बिखेर रहा था। इस दौरान श्री देव मंदिर के राम दरबार में भी प्रभु श्री राम के नाम के भजन संकीर्तन सुंदरकांड अखंड रामायण पाठ हुए। इसके बाद दुर्गेश दुबे सीतू पंडा पुजारियों ने भगवान श्री राम का पूजन पाठ संपन्न कराया। मंदिर के प्रांगण और राम दरबार में श्रद्धालु राम भक्ती के रंग में झूमते नजर आए। साथ ही मंदिर में प्रभु नाम संकीर्तन किया गया। पूरा बांदकपुर राममय में नजर आ रहा है। तीर्थ क्षेत्र में हर्षोल्लास का माहौल है दिनभर जगह-जगह विविध धार्मिक आयोजन मिठाई प्रसाद बांटा गया। इसके साथ ही जगह-जगह शोभायात्रा कार्यक्रम भी किए गए वही संध्याकालीन विशेष श्रृंगार आरती के साथ 11000 दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया जाएगा।

## राम मंदिर समिति ने निकाला जुलूस



हिंडोरिया। अयोध्या में रामलाल प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर के समस्त मंदिरों को साज सज्जा के साथ आकर्षक रूप से सजाकर विशेष पूजा पाठ भजन कीर्तन के साथ खुशियां मनाई गई। मंदिरों में सुंदरकांड के पाठ के उपरांत हवन पूजन किया गया नगर में सबके घर आंगन को रामलाला के स्वागत में सजाए गया हैं। हर कोई भगवान श्री राम का स्वागत अपने तरीके से कर रहा है। सोमवार को नगर भर में दीप उत्सव पर्व मनाया गया। वहीं दूसरी ओर ठकरास मोहल्ला के श्री राम मंदिर के समिति के सदस्यों एवं वार्ड वासियों द्वारा भव्य जुलूस निकाला गया जुलूस में डीजे की धुनों आरएफपर उत्साही युवा बच्चे नृत्य कर चल रहे थे। वहीं दूसरी ओर भारी आतिशबाजी की जा रही थी जुलूस में जय श्री राम जय हनुमान के गगन भेदी नारे लगाए जा रहे थे। जुलूस का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर लोगों के द्वारा स्वागत किया गया। जुलूस श्री राम मंदिर से प्रारंभ होकर खिरका मोहल्ला, उपाध्याय वार्ड से होता हुआ मुख्य बाजार क्षेत्र पहुंचा जहां पर प्राचीन हनुमान मंदिर पर विशेष पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात जुलूस श्री राम मंदिर प्रांगण पहुंचा जहां पर इसका समापन किया गया। उसके बाद कार्यक्रम प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया जुलूस में भारी संख्या में नगर वासियों की उपस्थिति रही।

### ग्यारह सौ दीप जलाकर बनाया प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

दमोह। केजीएच पान मसाला कंपनी में समस्त वर्करों के द्वारा भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया इस अवसर पर पूरे कारखाने को 1100 दीपों से सजाया गया। और अपने प्रभु श्री राम की आराधना कर मिठाइयां बांटी गई। उक्त अवसर पर त्रिलोक चंद्र सेन, भागीरथ राय, शमसुद्दीन खान, हनीफ खान, असलम खान, अकरम खान, अरविंद जैन, आशीष यादव साहित समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।

## आराध्य श्रीराम आ गये... घर घर मनी दिवाली



### 5100 दीप जलाकर गौरीशंकर पीतांबरा पीठ में मनाया दीपोत्सव

हटा। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभ अवसर पर सोमवार की सुबह देवश्री गौरीशंकर मंदिर पीतांबरा पीठ प्रांगण में कुंवर मानवेंद्र सिंह हजारी के नेतृत्व में मंदिर के पुजारी रामसुजान पाठक पंडित सोनू मिश्रा सहित अन्य पंडितों द्वारा द्वादश महा रुद्राभिषेक यजमानों द्वारा कराया गया इसके उपरांत दोपहर में सुंदरकांड एवं भजन कीर्तन का संगीत में कार्यक्रम संपन्न हुआ वही संध्याकालीन 6 बजे मंदिर प्रांगण में 5100 दीप प्रज्वलित कर दीपोत्सव दीपावली जैसी मनाई गई। दीपोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ सनातन धर्म के आराध्य भगवान श्री राम का पूजन अर्चन कर नगर के शिक्षाविद् पंडित श्याम सुंदर दुबे जी पूर्व विधायक श्रीमती स्नेह सलिला हजारी, श्रीमती इंदू मानवेंद्र सिंह हजारी पंडित राजू पांडे सोमिल हजारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया इसके उपरांत महाआरती की गई किसी के साथ देव श्री गौरी शंकर भगवान मां पीतांबरा की संगीत में आरती भक्तों द्वारा की गई इस दौरान गुरुकुल विद्यालय के छात्रों द्वारा भगवान श्री राम की संगीतमय स्तुति व आरती का गायन किया गया। इसके उपरांत प्रांगण में जोरदार रंगीन आकर्षक आतिशबाजी की गई जिसका आसमान में नजारा आकर्षण का केंद्र रहा। दीपोत्सव कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया इस दौरान हजारों की संख्या में महिला पुरुषों बच्चों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

## शोभायात्रा एवं अखण्ड कीर्तन में शामिल हुए राज्यमंत्री लखन पटेल

दमोह। प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल पथरिया में संकट मोचन हनुमान जी मंदिर और लक्ष्मण कुटी मंदिर पहुंचे। उन्होंने यहां भगवान हनुमान जी का पूजन-अर्चन कर प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों की मंगल कामना की। साथ ही राज्यमंत्री श्री पटेल




पथरिया के वार्ड क्रमांक 3 से निकाली गई शोभायात्रा में शामिल हुए। यहां पर राज्यमंत्री श्री पटेल द्वारा भगवान का स्वागत और सम्मान किया गया। राज्यमंत्री श्री पटेल पथरिया के श्रीदेव संकट मोचन हनुमान जी मंदिर पहुंचे। राज्यमंत्री श्री पटेल पथरिया के अंबेडकर चौराहा पर खीर-प्रसादी वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। पथरिया के संजय चौराहे पर लगी एलसीडी के माध्यम से अयोध्या के कार्यक्रम को लाईव दिखाये जा रहे कार्यक्रम में राज्यमंत्री श्री पटेल ने जनप्रतिनिधियों, श्रृद्धालुओं के साथ कार्यक्रम को देखा व सुना। साथ ही अखंड कीर्तन में राज्यमंत्री श्री पटेल सम्मिलित हुए।

## आदर्श नामदेव समाज ने मनाया धार्मिक महोत्सव

दमोह। आदर्श नामदेव समाज सेवा समिति दमोह द्वारा श्री राम जन्मभूमि अयोध्या जी में नवनिर्मित भव्य दिव्य मंदिर में प्रभु श्री राम लला जी की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर धार्मिक महोत्सव का आयोजन स्थानीय घंटाघर पर किया गया जिसमें पूर्व वित्त मंत्री दमोह विधायक जयंत मलैया, आयोजन समिति सदस्यों ने



सर्वप्रथम भगवान श्री राम दरबार और संत शिरोमणि नामदेव जी महाराज का पूजन किया, तदुपरांत श्री राम की महाआरती उपस्थित जनों ने की, भजन मंडली द्वारा भगवान के मधुर संगीत के साथ स्तुति और भजन से सभी का मन मोह लिया। समिति द्वारा प्रसाद वितरण भी किया गया। समिति के राजू नामदेव ने बताया कि 500 वर्षों के संघर्ष और बलिदान के पश्चात श्री राम जन्मभूमि अयोध्या जी में नवनिर्मित भव्य मंदिर में प्रभु श्री राम लला जी की प्राण प्रतिष्ठा हुई है, इस पुनीत अवसर पर आदर्श नामदेव समाज सेवा समिति द्वारा धार्मिक महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में प्रभु श्री राम जी का पूजन, महा आरती, संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ, भजन संध्या, दीपोत्सव एवं प्रसाद वितरण के कार्यक्रम आयोजित किए गये।

## कांग्रेस कार्यालय में हुआ सुंदरकांड पाठ

दमोह। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला कांग्रेस कार्यालय में भी अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सुंदरकांड का आयोजन किया गया। नगर की भजन कीर्तन मंडल के साथ शिरकत करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि राम हम सब की आस्था के प्रतीक है किन्तु भाजपा पर केवल उनकी दावेदारी अनुचित है वह हम सब के आराध्य है उन्हें राजनीति से जोड़े जाना भविष्य के लिए अच्छें संकेत नहीं है। इस अवसर पर सतीश जैन, अरूण टंडन, आशीष पटेल, अरूण मिश्रा, वीरेन्द्र राजपूत, डी.पी. पटेल, विजय कर्माकर, राजेश तिवारी, मानक अहिरवार, लोकेन्द्र सिंह सहित अनेक कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही।

## खेत में छुपे तेंदुए ने किसान पर किया हमला

### हिंडोरिया बिलाई हटा मार्ग पर तेंदुए की दहशत, तलाश हेतु खेतों में सर्चिंग जारी



दमोह। सोमवार को लोग जहां श्री राम जन्म भूमि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की खुशियों में डूबे हुए थे वहीं शाम के समय बिलाई चौकी क्षेत्र के पटोहा गांव में उसे समय दहशत का माहौल बनते देर नहीं लगी जब लोगों को पता लगा की खेतों में एक तेंदुआ छिपा हुआ है तथा उसने गांव के एक किसान पर हमला करके घायल कर दिया है। हमले में घायल किसान का फिलहाल जिला अस्पताल मे इलाज चल रहा है। वही तेंदुआ की तलाश में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर आसपास के खेतों में सर्चिंग अभियान में जुट कर लोगों को सतर्क रहने की अपील कर रही है। तेंदुआ के हमले के शिकार किसान का नाम जगदीश पटेल बताया गया है। जो बिलाई चौकी थाना हिंडोरिया के पटोहा गांव के निवासी है। इनको दाएं हाथ तथा सीने के ऊपर तेंदुए ने हमला कर के जख्मी किया है। बताया जा रहा है कि खेत में काम करते समय सामने से आए तेंदुए उनके ऊपर हमला किया और खेत में घुस गया। हमले के बाद हतप्रद जख्मी घायल किसान जगदीश पटेल ने अन्य लोगों को टाइगर द्वारा हमले की जानकारी दी। बाद में इसकी सूचना बिलाई पुलिस चौकी हिंडोरिया थाना तथा वन विभाग को दी गई है। तेंदुए की अभी भी आसपास के खेतों में छिपे होने की आशंका जताई जा रही है जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। जबकि वन विभाग की टीम आस पास के क्षेत्र का भ्रमण करके लोगों को सतर्क रहने का संदेश देकर वापस लौट चुकी है ऐसे में ग्रामीणों को रात काटना मुश्किल बना हुआ है।